बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 149 ● नई दिल्ली ● शुक्रवार 27 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### राष्ट्रपति मुर्मू ने आंध्र प्रदेश में हुई बस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को मार्कापुरम जिले में एक निजी बस के ट्रक से टकराने के बाद उसमें आग लग गई जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मार्कापुरम के पुलिस अधीक्षक वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि यात्री जलते हुए वाहन के अंदर फंस गए थे। मुर्मू ने एक्स पर कहा, आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में हुई बस दुर्घटना के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

# राहुल बोले-केरल की नर्स ने रातभर मेरी मां को संभाला, सभा में कहा- नर्सें ही यहां की पहचान; राय में 5 लाख नर्सें; 9 अप्रैल को चुनाव



नई दिल्ली । राहुल गांधी ने एक सभा में सोनिया गांधी की देखभाल कर रही केरल की नर्स का ज़िक्र किया और इन्हें राय की पहचान बताया। दरअसल बुधवार को राहुल को कोझिकोड जाना था, लेकिन वे सोनिया गांधी के हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह से जा नहीं पाए। उन्होंने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। राहुल ने कहा, 'मैं हॉस्पिटल में अपनी मां के कमरे में एक छोटे से सोफे पर सो रहा था। मैं भी हर बेटे की तरह अपनी मां की सेहत को लेकर बहुत परेशान हूं। हालांकि केरल की नर्स ने मेरी मां का बहुत ख्याल रखा, जिससे उन्हें राहत मिली।' सिर्फ केरल की बात करें तो राय में करीब 5 लाख नर्सें रजिस्टर्ड हैं। वहीं देशभर में केरल की 10 लाख से यादा नर्सें काम करती हैं। वहीं, विदेश में यह संख्या 20 लाख से यादा है। ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल ने नर्सों का जिक्र कर इस तबके को साधने की कोशिश की है। केरल में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में विधानसभा चुनाव होने हैं। कल रात, मैं हॉस्पिटल में अपनी मां के कमरे में एक छोटे से सोफे पर सो रहा था। जैसे कि कोई भी बेटा अपनी मां की सेहत को लेकर परेशान रहता है, मैं भी परेशान था।

पूरी रात, मुझे सिर्फ एक चीज से सुकून मिला। मुझे केरल की एक नर्स से सुकून मिला जो हर घंटे मेरी मां को देखने आती थी। हर एक घंटे, वह आकर उन्हें देखती थी। वह मुस्कुराती थी और उनका हाथ पकड़ती थी। मैंने सोचा कि केरल की नर्सों ने कितने बेटों, बेटियों, भाइयों और बहनों को उनके सबसे मुश्किल पलों में सुकून दिया है। सुबह-सुबह, मैंने उनसे पूछा, क्या आप रात में सोती हैं, या पूरी रात काम करती हैं? उन्होंने कहा, मैं पूरी रात काम करती हूं। तो, जब पूरी दुनिया सो रही है, केरल की औरतें, सिर्फ केरल में ही नहीं बल्कि दिल्ली में, पूरे देश में और दुनियाभर में लोगों को सुकून दे रही हैं। उनका हाथ थाम रही हैं, और उन्हें आराम महसूस करा रही हैं। मेरे लिए, यही केरल की पहचान है। फिर केरल चुनाव पर बोले- मोदी जी ने नेशनल लेवल पर 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था।

केरल के मुख्यमंत्री ने राय में 40 लाख नौकरियों का वादा किया था। 10 साल बीत गए उन्होंने लोगों को एक भी नौकरी नहीं दी है। असल में, उन्होंने नौकरियां खत्म कर दी हैं। न तो बीजेपी और न ही LDF को लगता है कि वे लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। उन्हें नहीं लगता कि केरल के लोगों को उनसे सवाल पूछने का हक है। देशभर में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने इसे मिलीभगत का सबसे बड़ा सबूत बताया। महिलाओं के लिए फ्री KSRTC बस यात्रा और कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए फाइनेंशियल मदद के तौर पर हर महीने 1000 रुपए दिए जाएंगे। वेलफेयर पेंशन को बढ़ाकर 3000 रुपए किया जाएगा। हर परिवार के लिए 25 लाख रुपए के कवरेज के साथ ओमन चांडी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम, युवाओं के लिए पांच लाख तक का बिना ब्याज वाला लोन और सीनियर सिटिजन के लिए एक स्पेशल डिपार्टमेंट बनाया जाएगा।

**अस्पताल ने कहा- सोनिया की हालत स्थिर**

सर गंगा राम हॉस्पिटल प्रबंधन ने गुरुवार को बताया कि सोनिया की हालत स्थिर है। वे पिछले दो दिनों से हॉस्पिटल में एडमिट हैं। उन्हें पेट और यूरिनरी इंफेक्शन के चलते मंगलवार रात 10:22 बजे भर्ती कराया गया था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मां की देखभाल के लिए अस्पताल में ही रहे।

## 183 इंडेन सिलेंडर के साथ अवैध रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़, 4 आरोपी गिरफ्तार





नई दिल्ली ( ए.के.चौधरी )राजधानी दिल्ली के संगम विहार इलाके में क्राइम ब्रांच (ANTF) ने अवैध एलपीजी रैकेट का बड़ा खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 183 इंडेन LPG सिलेंडर बरामद किए हैं, जो अवैध तरीके से भरे और सप्लाई किए जा रहे थे। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी कई गोदामों में अवैध रिफिलिंग सेटअप चला रहे थे। ये लोग घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर उसे व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए ऊंचे दामों पर बेच रहे थे, जिससे न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा था बल्कि आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही थी। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम और BNS के तहत बाउंड डाउन किया है। अधिकारियों के मुताबिक यह रैकेट लंबे समय से सक्रिय था और इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध गैस सप्लाई कर रहा था। यह सफल ऑपरेशन इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में, एसीपी सतेंद्र मोहन के निर्देशन और डीसीपी राहुल अलवाल की निगरानी में अंजाम दिया गया। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई को जन सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस तरह की अवैध रिफिलिंग से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था।

### गैस सप्लाई पर सियासत में उबाल, बीजेपी ने विरोधी दलों पर लगाया राष्ट्र विरोधी राजनीति का आरोप

नई दिल्ली । दिल्ली में गैस सिलेंडर सप्लाई को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्ष इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहा है. वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता गैस सिलेंडर सप्लाई को लेकर लगातार ओछी राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं. उन्होंने इसे एक तरह से राष्ट्र विरोधी गतिविधि के समान बताया और कहा कि ऐसे बयान देशहित में नहीं हैं. उन्होंने कहा कि गैस और तेल की कमी केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पाकिस्तान, श्रीलंका और कई विकसित देशों तक में इसका असर देखा जा रहा है. इसके बावजूद भारत में विपक्ष इस स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल सकता है. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि खाड़ी युद्ध के चलते दुनिया के बड़े हिस्से में तेल और गैस की कमी देखने को मिल रही है. इसके बावजूद भारत सरकार ने शुरुआत से ही प्रभावी नीतिगत कदम उठाए हैं, जिससे इस संकट का असर सीमित रहा है.

## दयालपुर में 16 साल के लड़के को चाकू मारने वाले तीनों आरोपी नाबालिग, 13 साल का बचा भी था शामिल!

नई दिल्ली ।

नार्थ ईस्ट दिल्ली के दयालपुर इलाके में 16 साल के एक लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड को पुलिस ने सुलझा लिया है. मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को पकड़ा है, जिनपर आरोप है कि उन्होंने मिलकर लड़के को चाकू मारा और उसे मौत के घाट उतार दिया. शुरुआती जांच में सामने आया है कि झगड़े की वजह आपसी रंजिश और बुलिंग थी. दरअसल, पुलिस के मुताबिक 25 मार्च 2026 को दयालपुर थाने में एक लड़के को चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी. इस सूचना पर पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां करीब 16 साल का लड़का गंभीर हालत में बेहोश पड़ा था. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शुरुआती जांच में पता चला कि लड़के पर तीन लोगों ने चाकू से हमला किया था. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी. जांच के दौरान फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना कर अहम सबूत जुटाए. मामले को सुलझाने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई, जिसने तकनीकी और मैनुअल इनपुट्स के आधार पर तेजी से काम करते हुए मृतक की पहचान की और आरोपियों तक पहुंच गई. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने 13 से 17 साल के बीच के तीन नाबालिगों को पकड़ लिया. उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि मृतक उनमें से एक लड़के को लगातार परेशान यानी बुली करता था, जिसकी वजह से उन्होंने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है.

# आदिवासियों के अधिकार दिलवाने को समर्पित भारतीय आदम जाति सेवक संघ



दिल्ली (इंद्रजीत सिंह) आदमजाति सेवक संघ के 78 वे दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन संस्था के मुख्यालय झंडेवालान में आयोजित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य थे, विशिष्ट अतिथि जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके व महिला बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर व मातृश्री काशीबा गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख केशुभाई हरिभाई गोटी थे,

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष, पूर्व न्यायाधीश एवं छहस्त्र के वरिष्ठ सलाहकार प्रकाश कुमार उइके ने की। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अजय कुमार चौबे ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए मनमोहक रुप से किया।

अंतर सिंह आर्य ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयोग जनजाति के संवैधानिक अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने व सभी को उनके अधिकार आसानी से प्राप्त हो सके यह सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभा रहा है, दुर्गा दास उइके ने आदिवासियों के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आदिवासियों आज भी प्राकृतिक के महत्व को जिन्दा रखने का प्रयास कर रहे हैं, श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपने मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को विस्तार से बताते हैं कहा कि हमारा प्रयास है कि महिलाओ को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग व आसानी से मिले यह प्रयास कर रहे हैं।

गुजरात के मातृश्री काशीबा गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख व हीरा व्यापारी केशुभाई हरिभाई गोटी ने कार्यक्रम में आए सभी से आदिवासियों के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, स्कूल व उनके शिक्षा के सुविधाए उपलब्ध कराने पर बल देते हुए कहा कि उनकी संस्था अब तक 300 से अधिक छात्रावास व स्कूलो का निर्माण करा चुकी है।

संस्था के सचिव राजेश मालवीय ने अधिवेशन में आए प्रतिनिधियों को संस्था के कार्यों में आने वाली कठिनाई को साझा करते हुए कहा हमें आदिवासियों की कठिनाइयों का कानूनी रूप से हल निकालने के लिए उनमें जागरूकता फैलानी होगी। हमें पेसा एक्ट, वन अधिकार अधिनियम, वन धन अधिकार की जानकारी सभी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।

अखिल भारतीय धानका आदिवासी समाज रजि के संयोजक राजेंद्र खर्रा ने दिल्ली के आदिवासियों की पीड़ा अतिथियों के सामने रखते हुए कहा कि दिल्ली के आदिवासी आज भी दिल्ली में अपनी पहचान को तरस रहे हैं।

श्रीमती रेणु चारी ने घुमंतू समाज की समस्यायों को उठाते हुए कहा कि घुमंतू समूदाय को जनगणना में उचित स्थान नहीं मिलता, जनजाति मंत्रालय के परियोजना विशेषज्ञ ऋषभ चतुर्वेदी ने जनजाति कार्य मंत्रालय की योजनाओं को हासिल करने के तरीके पर प्रकाश डाला, पुरस्कार फाउंडेशन के निदेशक गौतम कुमार ने संस्थाओं को सरकारी सहायता कैसे प्राप्त होती है इस पर प्रकाश डाला। जनजाति कार्य मंत्रालय के सेक्शन ऑफिसर सुभाष कुमार ने संस्थाओं के प्रतिनिधियों से समस्याएं सुनी और उनके समाधान के रास्ते बताए।

वनवासी कल्याण आश्रम के प्रवीण ढोलकिया ने आदिवासियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब तक हम जागरूक नहीं होंगे तब तक हमें समस्याओं से जूझना पड़ेगा।

कार्यक्रम का समापन करते हुए भारतीय अदमजाति सेवक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश उईके ने सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि इस अधिवेशन में हासिल की गई जानकारी का उपयोग अपने-अपने क्षेत्र में करते हुए आदिवासियों के हितों के लिए काम करते रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय धानका आदिवासी समाज, वनवासी कल्याण आश्रम, उड़ीसा की सर्वोदय समिति, तेलंगाना की रानी माता दुर्गावती संस्थान, उत्तर प्रदेश से वनवासी विकास आश्रम, कर्नाटक से मा. आ. से. संघ, सर्वोदय सेवा समिति सहित 57 संस्थाओं के प्रतिनिधित्व ने अधिवेशन में भाग लेकर अपने अपने बहुमूल्य विचार,मार्गदर्शन एवं अनुभव साझा करते हुए जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में धानका समाज के प्रतिनिधियों में आए हुए अतिथियों को पगड़ी बनाकर सम्मान किया, कार्यक्रम में दिल्ली के कात्यानी आदिवासी छात्रावास, लखीमपुर के आवासीय विद्यालय गोबरौला,कालसी उत्तराखंड आदिवासी की बालिकाओं द्वारा लोकगीतों वे नृत्य से कार्यक्रम में आए लोगों का मनमोह लिया।

इस अवसर पर राहुल सिंह,डा आर एम कुबेरप्पा,कुंवर जितेन्द्र नरसिंह राणा, श्रीमती एला बैन देसाई, सुरेन्द्र कुमार चौहान, प्रदीप महान्ती, भुवनेश शर्मा,जय प्रकाश गुप्ता,मुकुन्द बापट,नून नून भाई मिश्रा, राजकुमार, नत्थू लाल मोरवाल,राजेश देहराण,रेखा सहित अनेक प्रांतों से आदिवासी समुदाय के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सुचारू रूप चलाने व व्यवस्था में भारतीय आदमजाति सेवक संघ के कार्यालय सचिव रविकांत झा, अनिल शर्मा, परदेसी राणा सहित सभी कर्मचारियों ने अहम् भूमिका निभाई।

# बौद्ध परिपाटी को मिटाने की साजिश का आरोप, आजाद समाज पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी

कुशीनगर।

पडरौना, कुशीनगर में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी ने आरोप लगाया है कि जनपद में सरकारी योजनाओं की आड़ में बौद्ध परंपरा को खत्म करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ता इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। यह बयान उन्होंने रामाभार स्तूप के निकट स्थित चीना मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में दिया। राहुल चौधरी ने कहा कि बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थल कुशीनगर परिसर में स्थित उक्त बुद्ध विहार का निर्माण भंते चीना द्वारा लगभग 18 कट्ठा भूमि खरीदकर कराया गया था, जिसे स्थानीय लोग चीना भंते बुद्ध विहार के नाम से जानते हैं। उनका आरोप है कि इस स्थल को पहले ग्राम समाज की भूमि में शामिल कर सरकारी घोषित किया गया, जबकि किसी मंदिर या बुद्ध विहार को सरकारी नहीं बनाया जा सकता, केवल उसका संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि



वर्ष 2023-24 में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से चीना बाबा मार्केट के नाम पर आरसीसी निर्माण कराया गया, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के 1958 के अधिनियम के विरुद्ध है। जिलाध्यक्ष के अनुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने इस निर्माण को अवैध मानते हुए नगर पालिका परिषद को नोटिस जारी कर कार्य रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसकी अनदेखी की गई। इसके बाद भी विभाग द्वारा दोबारा नोटिस जारी कर निर्माणाधीन स्थल पर चस्पा किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुरातत्व विभाग के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, साथ ही बौद्ध अनुयायियों को डराने-धमकाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने 24 मार्च को महापरिनिर्वाण महाविहार के निकट प्रदर्शन किया था, जिसे प्रशासन द्वारा कचरा गाड़ियों को हटाने और निर्माण कार्य रोकने के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया था। हालांकि अब पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे समझौते का उल्लंघन बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य नहीं रोका गया तो पार्टी फिर से आंदोलन करेगी।

## भटनी में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार, गैलन व मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल लेने उमड़े लोग





भटनी देवरिया।

भटनी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर इन दिनों भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

पेट्रोल लेने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। सुबह से ही मोटरसाइकिलों की लाइन लग जा रही है और कई लोग गैलन लेकर भी पेट्रोल लेने पहुंच रहे हैं, जिससे पेट्रोल पंपों पर काफी भीड़भाड़ का माहौल बना हुआ है।

### नकहनी भारत पेट्रोल पंप पर थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने संभाली व्यवस्था, लाइन लगवाकर कराया वितरण

नगर के कई पेट्रोल पंपों पर लाइन लगाकर पेट्रोल बांटा जा रहा है। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल की कमी की आशंका को देखते हुए लोग पहले से ही पेट्रोल लेने के लिए पंपों पर पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में नकहनी स्थित भारत पेट्रोल पंप पर पुलिस प्रशासन की सक्रियता देखने को मिली। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय स्वयं मौके पर मौजूद रहे और लोगों को लाइन में लगवाकर व्यवस्थित तरीके से पेट्रोल वितरण कराते हुए दिखाई दिए। पुलिस की निगरानी में पेट्रोल वितरण शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया, जिससे अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनने पाई।

## शांति और अहिंसा का प्रतीक है सम्राट अशोक का जीवन- रामअवध यादव



**इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सम्राट अशोक का जीवन शांति और अहिंसा का प्रतीक है।**

कुशीनगर।

पडरौना स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में महान सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सम्राट अशोक का जीवन शांति और अहिंसा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युद्ध जीतने के बाद भी सम्राट अशोक द्वारा सब कुछ त्याग देना उनकी महानता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष की अगुवाई में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में रामअवध यादव ने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य वंश के तृतीय शासक थे और कलिंग युद्ध में हुई भारी जनहानि को देखकर उनका हृदय परिवर्तन हो गया था। इसके बाद उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर बौद्ध धर्म अपना लिया, जो शांति और अहिंसा का संदेश देता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ से प्रेरित है। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर लोकतंत्र को बचाने तथा वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम को विजय प्रताप कुशवाहा, विक्रमा यादव, राजेंद्र यादव मुन्ना, मोहम्मद इलियास अंसारी, वीरेंद्र सिंह सैंथवार और अवध नाथ ठाकुराई सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव ऐनुल हक ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र पाल, सिकंदर आलम, भोला यादव, चंद्र प्रकाश यादव, अवधेश राय, मनोज कुशवाहा, लल्लन यादव, हीरालाल प्रजापति, अकबर अंसारी, हीरा प्रसाद, बड़े अंसारी, महेश कुशवाहा, फखरुद्दीन अहमद, कपिल देव कुशवाहा, अजहर अहमद, अनिरुद्ध कुशवाहा, धर्मनाथ कुशवाहा, कपिल देव गोंड, राजेश गोंड, शारदा प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के खड्डा तहसील में गुरुवार शाम करीब 5 बजे जिंदा छपरा- मिश्रौली मार्ग पर एक सड़क हादसे में भुजौली बाजार टोला निवासी अजय (पुत्र महेंद्र गोंड) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि अजय गांव के एक बुजुर्ग के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए पनियहवा गए थे और वहां से अकेले बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है। दुर्घटना में अजय के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजय पेशे से ड्राइवर हैं और दूसरों की गाड़ी चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी शादी लगभग दो वर्ष पहले हुई थी।

## लिटिल वंडर्स पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों ने बांधा समा



कुशीनगर।

कसानगंज विकासखंड के बौलियां स्थित लिटिल वंडर्स पब्लिक स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक मैना देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम में छात्रा निशा, प्रियंका, पूनम, प्रीति, सरिता और शिवांगी ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी, वहीं मीरा, सुनीता, किरण और मालती सहित अन्य छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की। विद्यालय के डायरेक्टर अनूप सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य पी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और मंच कौशल को विकसित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में रविंद्र सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गौतम सिंह, अरुण गुप्ता, अमरनाथ सिंह, अभिषेक वर्मा, कमल किशोर मिश्रा, संतोष यादव, लाल बहादुर सिंह, श्याम सिंह, सूरज सिंह, सर्वेश सिंह, सुशील दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को लेकर डीएम के सख्त निर्देश, पंजीकरण अनिवार्य

कुशीनगर।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशानुसार जनपद के समस्त विक्रय अधिकारी (एलपीजी) को वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव के पत्र दिनांक 24 मार्च 2026 तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है। प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्यों को एलपीजी संकट से पूर्व की स्थिति के सापेक्ष 50 प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन निर्धारित शर्तों के तहत किया जाएगा। इसमें अतिरिक्त आवंटन प्राथमिकता के आधार पर रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, औद्योगिक कैंटीन, खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी इकाइयों, राज्य सरकार या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित रियायती कैंटीन, सामुदायिक रसोई तथा प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम एफटीएल श्रेणी को दिया जाएगा। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी वाणिज्यिक एवं औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को वाणिज्यिक गैस प्राप्त करने से पूर्व संबंधित ऑयल मार्केटिंग कंपनी के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ओएमसी द्वारा उपभोक्ताओं के एलपीजी उपभोग का पूरा विवरण अपने डेटाबेस में सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही सभी उपभोक्ताओं को अपने क्षेत्र में संचालित सिटी गैस वितरण इकाई के साथ पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना भी आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने सभी विक्रय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्ष 2025 तथा जनवरी व फरवरी 2026 के दौरान संबंधित संस्थानों एवं उद्योगों को उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की संख्या का विवरण तत्काल उपलब्ध कराते हुए भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

